<u>(प्रेस रिलीज)</u>

मा. मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ ने भारत मोटो जीपी के विजेता मार्को बेजेची को प्रदान की ट्रॉफी

ट्रॉफी वितरण से पूर्व मा. मुख्यमंत्री ने मोटो जीपी की मुख्य रेस का किया अवलोकन

अंतिम लैप में शीर्ष राइडर्स बेजेची और मार्टिन के बीच रोमांचक मुकाबले के भी साक्षी बने मा. मुख्यमंत्री

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ, 24 सितंबर, 2023। मा. मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'मोटो जीपी भारत' के अंतिम दिन ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में मोटो जीपी की मुख्य रेस का अवलोकन किया और रेस में विजयी रहे मार्को बेजेची को प्रतियोगिता की ट्रॉफी भी प्रदान की। इससे पहले मा. मुख्यमंत्री मोटो जीपी रेस के अंतिम क्षणों के रोमांच के गवाह भी बने, जब अंतिम लैप में शीर्ष राइडर्स के बीच आगे निकलने की होड़ मची थी। मा. मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ के साथ केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री, श्री अनुराग ठाकुर और केंद्रीय मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है की मोटो जीपी का अयोजन भारत में पहली बार किया जा रहा है।

22 सितंबर से ही इस इवेंट के तहत विभिन्न रेस का आयोजन किया गया। रविवार सुबह ही मा. मुख्यमंत्री ने मोटो जीपी से जुड़े ऑर्गेनाइजर्स और स्टेक होल्डर्स को भारत में इस तरह के अंतरराष्ट्रीय खेल के अयोजन को लेकर प्रोत्साहित किया था।

मा. मुख्यमंत्री ने देखा अंतिम लैप का रोमांच

मा. मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ मुख्य रेस का अवलोकन करने के लिए गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी से बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे और कुछ देर रेस के अंतिम क्षणों का आनंद लिया। इस दौरान फाइनल लैप में शीर्ष 2 राइडर्स मार्को बेजेची और जे मार्टिन के बीच रोमांचक मुकाबला चल रहा था। खासतौर पर अंतिम लैप में दोनो ही राइडर्स जान लगाते नजर आए। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के वर्ल्ड क्लास ट्रैक पर पावरफुल बाइक्स के शोर के बीच वीआईपी लाउंज के सेकंड फ्लोर की बालकनी में खड़े होकर मा. मुख्यमंत्री योगी ने भारत में पहली बार आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता के रोमांचकारी आखिरी लम्हों का लुत्फ उठाया। इस बीच श्री हरदीप सिंह पुरी के साथ वह रेस के विषय में चर्चा करते भी नजर आए। रेस खत्म होने के बाद मा. मुख्यमंत्री और श्री अनुराग ठाकुर ने पोडियम एरिया में शीर्ष 3 राइडर्स को ट्रॉफी प्रदान की। विनर ट्रॉफी को भारत के

नक्शे के आकार का बनाया गया था। ट्रॉफी वितरण के बाद तीनों राइडर्स पारंपरिक अंदाज में शैंपेन के साथ जश्न मनाते नजर आए।

21 लैप में पूरी हुई रेस

मोटो जीपी की मुख्य रेस 21 लैप में पूरी हुई। हर लैप में ड्राइवर्स के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। शनिवार को क्वालीफाइंग के दौरान शीर्ष स्थान हासिल करने वाले मार्को बेजेची ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। उनके बाद प्रामैक के जॉर्ज मार्टिन दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने शनिवार को स्प्रिंट रेस जीती थी। वहीं फेबियो क्वार्टारो ने चौंकाते हुए यामाहा को पोडियम तक पहुंचा दिया। हालांकि, चैंपियनशिप लीडर पेको बागनिया भारत ग्रां प्री से बाहर हो गए। यह इटैलियन राइडर टर्न 5 पर फिसल गया था।

मा. मुख्यमंत्री ने उद्यमियों और किसानों की हर समस्या के निस्तारण का दिया आश्वासन

इससे पूर्व मा. मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर में गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में हरियाणा टेक्सटाइल एसोसिएशन एवं निवेशकों से संवाद के साथ ही किसानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भी भेंटवार्ता की। इस दौरान किसानों और उद्यमियों ने मा. मुख्यमंत्री के समक्ष अपने मुद्दों को रखा। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने शोर भूमि के संबंध में मुख्यमंत्री जी द्वारा लिए गए फैसले को लेकर उनका आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मा. मुख्यमंत्री ने किसानों और उद्यमियों को आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी समस्या उनके सामने आएगी, उसका प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार किसानों और उद्यमियों के लिए हर समय उपलब्ध है और उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसके बाद मा. मुख्यमंत्री ने जिले के अधिकारियों से शहर की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।